**Fourteenth Loksabha**

**Session : 7**
**Date : 20-03-2006**

**Participants : Verma Shri Bhanu Pratap Singh**

an>

Title : Regarding loss of crops incurred by the farmers due to hailstorm in Bundelkhand, Uttar Pradesh.

**श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा (जालौन)** : सभापति महोदया, मैं केन्द्र सरकार का ध्यान उत्तर प्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र की ओर दिलाना चाहता हूं। गत दिनों वहां तेज आंधी, बरसात और ओलावृटि की वजह किसानों की करीब 90 प्रतिशत फसल नट हो गई है। इस कारण वहां के किसान भुखमरी के कगार पर हैं। मेरी केन्द्र सरकार से मांग है कि तुरंत यहां से एक टीम भेजकर वहां का सर्वे कराकर प्रभावित किसानों को ज्यादा से ज्यादा मुआवजा दिलाया जाए। वहां के किसानों ने अपनी फसल की बुवाई के लिए सहकारी बैंकों से लोन ले रखा है, लेकिन वे किसान अपनी बर्बाद हुई फसल की वजह से कर्ज चुकाने की स्थिति में नहीं हैं और आत्महत्या की परिस्थिति में आ गए हैं। इसलिए मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि वे ऐसा न करें, इसके लिए उनका कर्ज माफ किया जाए।